हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, सोमवार, 3 नवंबर 2025

11 धूमधाम से हुआ तुलसी-शालिग्राम विवाह



12 वायु प्रदूषण से आंखों में जलन सांस लेने में हो रही परेशानी



## खबर संक्षेप

### हत्या करने के मामले में दो महिलाएं गिरफ्तार

**झज्जर।** गांव कलोई में पिता पुत्र की हत्या मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी दुलीना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले में दो महिलाओं की संलिप्ता भी पाई गई है। जिनको गिरफ्तार करके स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से अदालत के आदेशानुसार दोनों महिलाओं को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि बीते दिनों पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव कलोई में खजान और उसके पुत्र संजय की हत्या करके उनके शव को खुर्द-बुर्द किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीमें गठित की गई।

### फैक्ट्री के बाहर से बाइक ले उड़े चोर

**बहादुरगढ़।** एमआईई स्थित एक फैक्ट्री के बाहर से बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। दुजाना के निवासी नितिन ने कहा है कि वह एमआईई स्थित एक कंपनी में काम करता है। उसने अपनी बाइक कंपनी के बाहर दीवार के साथ खड़ी की थी। शाम सवार चार बजे जब बाहर निकला तो बाइक नजर नहीं आई। इसके बाद अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उसकी शिकायत पर एमआईई चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मां भगवती जागरण का आयोजन दस को

**झज्जर।** नव निर्माण युवा जाटव सेवा समिति द्वारा शहर के पुराना बस स्टैंड मार्ग पर दस नवंबर को विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। समिति प्रधान कृष्ण जाटव ने बताया कि यह उनकी समिति द्वारा किया जाने वाला बारहवां आयोजन है। जागरण में दिल्ली व हिसार के गायक कलाकारों द्वारा भजनों के माध्यम से मां भगवती की महिमा का गुणगान किया जाएगा। जागरण में मां शेरावाली के भव्य दरबार के अलावा मां भगवती का पहाड़ वाला दरबार, तीन पिंडी दरबार, मां ज्वालाजी तथा बर्फ से निर्मित विशाल शिवलिंग की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### इनेलो आज झज्जर में करेगी प्रदर्शन

**बहादुरगढ़।** जिला झज्जर में बारिश के कारण हुए जलभराव से किसानों की फसलें बुरी तरह खराब हो गई हैं। इसी समस्या को लेकर इनेलो सोमवार 3 नवंबर को सुबह 10 बजे झज्जर पार्टी कार्यालय में सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करेगी। यह जानकारी देते हुए इनेलो जिला शहरी अध्यक्ष रामनिवास सैनी ने बताया कि इस दौरान खराब फसलों के उचित मुआवजे और फसलों की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदर्शन की अध्यक्षता इनेलो के जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान करेंगे।

## वाहन चालकों को चपत: फास्टैग से कट रहा पूरे केएमपी रूट का टोल

# एंट्री स्कैनर खराब होने से केएमपी पर वसूला जा रहा अधिक टोल

केएमपी पर बहादुरगढ़ से कुंडली जाने वालों को हर रोज 73 की बजाए 280 रुपये चुकाने पड़ रहे

*एंट्री गेट पर लगे स्कैनर खराब होने के कारण कुछ दूरी का सफर करने पर भी वाहन चालक से पूरे रूट का टोल वसूला जा रहा है। बहादुरगढ़ से कुंडली तक केएमपी की दूरी करीब 40 किलोमीटर है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

हरियाणा राज्य औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम की लापरवाही कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेस-वे पर सफर करने वाले वाहन चालकों पर महीने भर से भारी पड़ रही है। एंट्री गेट पर लगे स्कैनर खराब होने के कारण कुछ दूरी का सफर करने पर भी वाहन चालक से पूरे रूट का टोल वसूला जा रहा है। बहादुरगढ़ से कुंडली तक केएमपी की दूरी करीब 40 किलोमीटर है। नियमों के हिसाब से करीब 73 रुपए टोल बनता है, लेकिन फिलहाल केएमपी पर बहादुरगढ़ से कुंडली जाने वालों को हर रोज 73 की बजाए 280 रुपए चुकाने पड़ रहे हैं।



**बहादुरगढ़।** आसौदा के निकट केएमपी पर स्थित टोल प्लाजा। फोटो : हरिभूमि

### जम्मू कटरा एक्सप्रेस-वे से केएमपी का एंट्री प्वाइंट भी बंद

बता दें कि केएमपी टोल के एंट्री स्कैनर केवल आसौदा-बहादुरगढ़ टोल पर ही नहीं, बल्कि पूरे केएमपी रूट पर ही लगभग यही हालात है। करीब 135 किलोमीटर लंबे केएमपी पर कुल 12 टोल प्लाजा हैं और 10 एंट्री-एग्जिट प्वाइंट हैं। यहां लाइट मोटर व्हीकल को एक रुपए 84 पैसे प्रति किलोमीटर के हिसाब से टोल का भुगतान करना होता है। वहीं एलसीवी, एलजीवी और मिनी बस के लिए 2 रुपए 97 पैसे तथा ट्रक-बसों के लिए 6 रुपए 23 पैसे प्रति किलोमीटर का टोल तय है। बहादुरगढ़ केएमपी से होकर ही जम्मू कटरा एक्सप्रेस-वे का सफर शुरू होता है, लेकिन जम्मू कटरा एक्सप्रेस-वे से केएमपी का एंट्री प्वाइंट भी बंद है, जिस कारण आसौदा के एग्जिट प्वाइंट पर भी वाहन चालकों को कहीं ज्यादा भुगतान करना पड़ रहा है। एक अनुमान के मुताबिक केएमपी टोल प्लाजा से हर रोज 40 से 60 हजार वाहन एंट्री एग्जिट करते हैं। अब इनमें से अगर 25 प्रतिशत वाहनों के साथ भी एंट्री एग्जिट वाला झोल हो रहा है, तो प्रतिदिन इन वाहन चालकों से अवैध रूप से लाखों रुपए अधिक वसूले जा रहे हैं। गलत टोल वसूली का मैसेज आने पर वाहन चालक आक्रोशित हैं। नाराजगी जताने पर उन्हें ऑनलाइन शिकायत करने की सलाह दी जाती है।

### मौके पर शिकायत भी नहीं कर पाते

वाहन चालक अविनाश गुप्ता के अनुसार बेशक केएमपी पर प्रति किलोमीटर सफर करने के हिसाब से टोल देना होता है, लेकिन टोल के इंट्री प्वाइंट पर लगे स्कैनर या रीडर खराब होने से पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। उन्होंने बहादुरगढ़ से कुंडली तक केएमपी पर सफर किया और एक ट्रिप पर करीब 207 रुपए अतिरिक्त कटने से उन्हें झटका लगा। टोल टैक्स कटने का मैसेज भी टोल प्लाजा से काफी दूर जाने के बाद फोन पर आता है, जिस कारण वो मौके पर शिकायत भी नहीं कर पाते हैं। आसौदा केएमपी के टोल मैनेजर बिजेंद्र जायसवाल के अनुसार महीने भर से ये समस्या आ रही है। सिस्टम में सुधार किया जा रहा है।


**बहादुरगढ़।** टीकरी बॉर्डर पर वाहनों की जांच में जुटी दिल्ली पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# बॉर्डर से लौटाए गए बीएस-3 पेट्रोल व बीएस-4 डीजल वाहन

- दिल्ली सीमा पर बीएस-6 से कम मानक की गाड़ियों का प्रवेश रोका गया, एक्यूआई 327

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजधानी दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान के तहत सख्ती शुरू हो गई है। इसी क्रम में रविवार को भी दिल्ली पुलिस ने बीएस-6 से कम मानक (बीएस-3 पेट्रोल व बीएस-4 डीजल) की गाड़ियों के दिल्ली सीमा में प्रवेश पर रोक जारी रही। टीकरी बॉर्डर पर तैनात पुलिस और ट्रैफिक विभाग की टीमों ने चेकिंग अभियान चलाते हुए ऐसे वाहनों को दिल्ली में प्रवेश से पहले ही वापस लौटा दिया।

बता दें कि वायु गुणवत्ता में लगातार गिरावट को देखते हुए दिल्ली सरकार के निर्देशों के बाद यह कदम उठाया गया है। बीएस-6 से नीचे की गाड़ियां दिल्ली में प्रदूषण के बड़े स्त्रोतों में गिनी जाती हैं। इसलिए अब इन वाहनों को दिल्ली की सीमाओं पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। हालांकि सीएनजी वाहनों के प्रवेश पर किसी तरह की रोक नहीं थी।

शनिवार सुबह से ही टीकरी बॉर्डर पर पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती की गई थी। दिल्ली में प्रवेश करने वाले हर वाहन की जांच की जा रही थी। जिन वाहनों का रजिस्ट्रेशन बीएस-6 मानक के अनुरूप नहीं पाया गया, उन्हें वहीं से लौटने के निर्देश दिए गए। इससे दिल्ली की ओर जाने वाले मार्गों पर कुछ समय के लिए वाहनों की लंबी कतारें भी देखी गईं। वहीं, बहादुरगढ़ में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 327 दर्ज किया गया। यह खराब श्रेणी में बना हुआ है। तापमान घटने और हवा की रफ्तार धीमी होने के कारण प्रदूषण का स्तर फिर से बढ़ गया। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ शैलेंद्र अरोड़ा ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से डीजल वाहनों का उपयोग न करें और सार्वजनिक परिवहन या सांझा सवारी को प्राथमिकता दें। साथ ही, निर्माण कार्यों में धूल नियंत्रण के उपायों को भी सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नई सड़क की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में लंबे समय के इंतजार के बाद सड़कें बनाई जा रही हैं, लेकिन नई नवेली सड़कों की गुणवत्ता पर लोग सवाल उठा रहे हैं। गांव कानोंदा से बराही तक बनाई गई सड़क पर भी लोगों ने सवाल उठाए हैं। गांव कानोंदा से पंच ओमबीर, आशीष, मनोज, सुनील, बलविंदर व राजीव आदि का कहना है कि अभी हाल ही में कानोंदा से बराही तक खेतों के रास्ते वाली सड़क बनाई गई है, लेकिन इसके निर्माण में अनियमित्ता बरती गई है।

निर्माण के नाम पर महज औपचारिकता है और बनाने से पहले नीचे मिट्टी भी साफ नहीं की गई। मिट्टी के ऊपर बजरी व तारकोल की परत चढ़ा दी गई। लंबी डिमांड के बाद सड़कें बनती हैं। यदि इस तरह का काम होगा तो सड़के कुछ दिन भी नहीं चल पाएंगी और फिर पहले जैसे हालात हो जाएंगे। इससे सरकारी धन व जनता के टैक्स की बर्बादी होगी। इस सड़क पर ध्यान दिया जाए और इसकी कमियां सुधारी जाएं। बता दें कि इलाके में जहां-जहां भी सड़कें बन रही हैं, वहां-वहां लोगों द्वारा निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं। लोगों के सवाल उठाने पर विभाग द्वारा कुछ गांव में तो दोबारा सड़क बनाने की नौबत आई है।


**बहादुरगढ़।** मिट्टी पर बिछी तारकोल की परत दिखाता एक युवक। फोटो : हरिभूमि

# आईटीआई प्रशिक्षुओं ने सीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आईटीआई से डिप्लोमा धारक प्रशिक्षु रविवार को भाजपा नेता जसबीर सैनी के नेतृत्व में सीएम नायब सिंह सैनी से दिल्ली के हरियाणा भवन में मिले। उन्होंने सीएम से निवेदन किया है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 26 दिसंबर 2022 को जारी परिणाम को न्यायालय के आदेशों के अनुरूप संशोधित करते हुए परिणाम घोषित किया जाए और उन्हें शीघ्र नियुक्ति प्रदान की जाए।

सतीश, राहुल, प्रवीन, विनय व नीरज ने मुख्यमंत्री को अपनी मांगों से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कला एवं शिल्प शिक्षक भर्ती का परिणाम जारी करने की मांग की है। वे सभी विज्ञापन संख्या 6/2006 की श्रेणी संख्या 22 के अंतर्गत कला एवं शिल्प शिक्षक भर्ती की सभी प्रक्रियाएं पूरी कर चुके हैं।


**बहादुरगढ़।** सीएम को मामले से अवगत करवाते आईटीआई प्रशिक्षु। फोटो : हरिभूमि

### अंतिम परिणाम में नाम शामिल नहीं किए

अंतिम परिणाम में उनके नाम शामिल नहीं किए गए। इसका कारण यह बताया गया कि उनका डिप्लोमा निर्धारित तिथि के बाद का माना गया था। अभ्यर्थियों का कहना है कि 26 दिसंबर 2022 को जारी परिणाम केवल इसी कारण रोका गया था। जबकि उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने 21 अगस्त 2025 को आदेश पारित करते हुए उनकी योग्यता को वैध मान लिया है। हाईकोर्ट ने पहले भी आदेश पारित किए थे कि सभी योग्य उम्मीदवारों को पात्र माना जाए। मगर इसके बावजूद अभी तक उन्हें नियुक्ति नहीं दी गई है।

### अस्पताल में हटाए जा रहे अनावश्यक दरवाजे व पोस्टर

**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल में क्वालिटी टीम के निरीक्षण के बाद अब व्यवस्थाओं में सुधार पर ध्यान दिया जा रहा है। टीम द्वारा दर्ज की गई खामियों और दिए गए निर्देशों के बाद स्थानीय प्रबंधन ने तुरंत एक्शन लेते हुए आवश्यक कदम उठाए हैं। ट्रामा सेंटर परिसर से अनावश्यक दरवाजे हटाए गए हैं। वहीं, दीवारों पर चिपके पुराने पोस्टर, बैनर और साइनेज हटाए जा रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि क्वालिटी टीम की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया गया है और सफाई व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आगे से अस्पताल की दीवारों पर अनावश्यक प्रचार सामग्री न लगे। बता दें कि वीरवार को अस्पताल परिसर में क्वालिटी टीम ने दौरा किया था। इस दौरान टीम को जब दीवारों पर लगे पुराने साइनेज, पोस्टर नजर आए तो इन्हें हटवाने के लिए कहा था। यहां तक कि कोरोना काल के भी पोस्टर लगे हुए थे। कुछ दरवाजे हटवाने की भी जरूरत महसूस हुई थी। जिसके बाद स्थानीय प्रबंधन ने आवश्यक कदम उठाए हैं।

# पूर्व विधायक ने डाबोदा कलां में की जलनिकासी कार्य की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव डाबौदा कला में खेतों में पिछले दो महीनों से भरे पानी से परेशान किसानों को बड़ी राहत मिली है। संत रामपाल महाराज (धनाना वाले), पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून के निजी कोष तथा भगत संजय दलाल के सहयोग से गांव के खेतों से पानी निकासी के लिए तीन मोटरें और करीब 6 हजार फुट पाइप उपलब्ध कराए गए हैं। इन मोटरों की मदद से लगभग 100 एकड़ जमीन से पानी निकासी की जाएगी।

रविवार को पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून स्वयं गांव डाबौदा कला पहुंचे और मोटरों के जरिए जलनिकासी कार्य का शुभारंभ किया।

इस मौके पर संदीप, पूर्व सरपंच सतपाल, पालेराम, संजय, राजबीर, रमेश, राकेश, सुरजीत, सुरेश, सचिन सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। उनके अनुसार प्रशासन ने अब तक कोई ठोस प्रबंध नहीं किया था। जिसकी वजह से खेतों में लगातार पानी जमा रहा और फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गईं। जब ग्रामीणों ने पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून से मदद की गुहार लगाई, तो उन्होंने तुरंत इस दिशा में कदम उठाया और अपने स्तर पर जलनिकासी की व्यवस्था करवाई।


**बहादुरगढ़।** डाबोदा कलां में जलनिकासी कार्य शुरू करते पूर्व विधायक राजेंद्र जून।

### 100 एकड़ में खड़ी फसलें तबाह हो गई

राजेंद्र जून ने कहा कि सरकार और प्रशासन की नाकामी के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी है। दो माह से खेतों में पानी भरा होने के कारण लगभग 100 एकड़ में खड़ी फसलें तबाह हो गई हैं और अब गेहूं की फसल की बुवाई भी असंभव लग रही है। सरकार ने अब तक प्रभावित किसानों को मुआवजा भी नहीं दिया है। सरकार को प्रति फसल प्रति एकड़ कम से कम 50 हजार रुपए का मुआवजा देना चाहिए, ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके।

## फूल विक्रेताओं, ब्रास बैंड संचालकों और हलवाइयों की रही चांदी

# देवउठनी एकादशी पर बाजार में छाई रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

देवउठनी एकादशी पर शहर में धार्मिक और सामाजिक रौनक देखने को मिली। ऐसे में विवाह समारोह स्थल संचालकों, हलवाइयों, ब्रास बैंड संचालकों और दुकानदारों के साथ-साथ फूल विक्रेताओं की खासी कमाई हुई। स्थानीय टैक्सी स्टैंड पर दुकान लगाने वाले फूल विक्रेता चंद किरण, दीपक, देवा, जोनी, मंजीत आदि ने बताया कि देवउठनी उनके पास 7 से 10 गाड़ियों तक की बुकिंग रही।

ग्राहक की डिमांड पर विभिन्न डिजाइनों व अलग-अलग फूलों से गाड़ियां सजाई गई। उन्होंने 1500 से 2000 रुपये तक की कीमत में गाड़ियां सजाई। फूल विक्रेताओं का कहना रहा कि उन्होंने शुभ मुहुर्त को देखते हुए दिल्ली से फूल व अन्य सजावटी सामग्री मंगवा ली थी लेकिन मांग अधिक रहने के कारण कई विक्रेताओं को बाहर से भी फूल मंगवाने पड़े। शहर के बाजारों में भी सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ रही। जहां हलवाइयों के यहां मिठाइयों की एडवांस बुकिंग पूरी रही, वहीं बैंड संचालकों और टेंट हाउस वालों को भी लगातार ऑर्डर मिलते रहे। देवउठनी एकादशी से शुरू हुए विवाह सीजन से व्यापारियों के चेहरे भी खिले हैं।


**झज्जर।** टैक्सी स्टैंड पर गुलाब व अन्य फूल। फोटो : हरिभूमि

### डीजे के कारण पिछले वर्षों की अपेक्षा ब्रास बैंड की बुकिंग कम

ब्रास बैंड संचालक शैलेष कांगड़ा, श्रीभगवान, मास्टर राज, बुधराम व संदीप ने बताया कि उनके पास बीते वर्षों की अपेक्षा बुकिंग कम है। पहले के वर्षों में जहां हर दुकानदार के पास देवउठनी एकादशी पर तीन से चार बुकिंग रहती थी वहीं अब एक या दो बुकिंग ही रही। ऐसे में डीजे को बुकिंग कम होने का कारण माना जा रहा है। उनका कहना है कि लोग ब्रास बैंड व ढोल की बजाय डीजे को प्राथमिकता देने लगे हैं। हालांकि डीजे पर देर रात्रि तक बजाने पर लगी रोक के देखते हुए देर रात की बुकिंग उनके पास आ रही है।

# खंडित मूर्तियों का किया विधिवत निस्तारण


हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- सनातन रक्षा दल ने शहरभर से मूर्तियां-फोटो आदि एकत्र कर किया श्रमदान

सनातन रक्षा दल ने रविवार को विशेष अभियान चलाया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न स्थानों से धार्मिक चित्रों, मूर्तियों व वस्तुओं को एकत्र कर उनका विधिपूर्वक निस्तारण किया। साथ ही दीपावली के उपरांत लोगों द्वारा खंडित मूर्तियां, भगवानों के चित्र एवं धार्मिक सामग्री को जगह-जगह पेड़ों के नीचे, मंदिरों के पास या नहर किनारे रख देने की प्रवृत्ति पर नाराजगी जाहिर की।

रविवार सुबह 7 बजे से लेकर साढ़े 10 बजे तक चले इस अभियान में सनातन रक्षा दल के महासचिव अश्वनी कुमार बराही, सचिव नीरज वत्स, राजेश आर्य, पूजा छिल्लर, अध्यक्ष नागेंद्र लाकड़ा, सुशील भारद्वाज, अजीत आनंद समेत अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने मिलकर कई वाहनों की मदद से शहर के विभिन्न हिस्सों से मूर्तियों, चित्रों और धार्मिक सामग्री को एकत्र किया। इन सभी वस्तुओं को सेक्टर-2 के सामने बनाए गए बड़े गड्ढे में विधि-विधानपूर्वक दबाकर निस्तारित किया गया। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक विधियों का पालन करते हुए गड्ढे में जल डाला गया और मंत्रोच्चारण के साथ श्रद्धा से निस्तारण किया गया।


**बहादुरगढ़।** धार्मिक वस्तुओं का विधिपूर्वक निस्तारण करते दल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि



# जावेद अख्तर को मिलेगा शिक्षा अनुसंधान साहित्य सम्मान

**मुंबई।** पटकथा लेखक और गीतकार जावेद अख्तर को भारतीय सिनेमा और साहित्य में योगदान के लिए साल 2025 का शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान मिलने वाला है। 29 नवंबर को यह सम्मान उन्हें दिया जाएगा। 29 नवंबर को शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य सम्मान जावेद अख्तर को दो दिवसीय साहित्य महोत्सव के उद्घाटन पर दिया जाएगा। इस पुरस्कार में 7 लाख रुपये की नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, देवी सरस्वती की एक रजत प्रतिमा और एक शॉल भी बॉलीवुड के नामी गीतकार को प्रदान की जाएगी। दो दिवसीय शिक्षा 'ओ' अनुसंधान साहित्य महोत्सव की निदेशक गायत्रीबाला पांडा ने सम्मान से जुड़ी जानकारी साझा की।

## लाइफ Style



# किआरा

## ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती आएंगी नजर

किआरा आडवाणी को मां बने 3.5 महीने हो चुके हैं। अपने मदरहुड को एंजॉय करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी एक बड़ी फिल्म साइन की है, जिसकी डील पक्की हो चुके हैं। इस फिल्म में किआरा एक बड़ा रोल प्ले करने वाली हैं, जो उनके फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राइज होगा।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पिछले साल सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने 'कमाल और मीना' नाम की बायोपिक का ऐलान किया था। तभी से फैंस के बीच ये चर्चा थी कि आखिर इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल कौन निभाएगा। लंबे समय तक इस रोल के लिए कई नाम सुर्खियों में आए। खासकर कृति सेनन और किआरा आडवाणी को लेकर लोगों के बीच कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन तब किसी भी एक्ट्रेस का नाम सामने नहीं आया था। हर कोई ये जानना चाहता था कि इस जमाने की मीना कुमारी का रोल कौन प्ले कर सकती है। अब आखिरकार इस सवाल का जवाब मिल गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, किआरा आडवाणी को इस फिल्म में मीना कुमारी का रोल निभाने के लिए फाइनल कर लिया गया है। यानी किआरा अब पर्दे पर ट्रेजेडी क्वीन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। रिपोर्ट में बताया गया कि किआरा में निर्देशक को वो खूबी दिखी है, जो मीना कुमारी के किरदार को जिंदा कर सकती है। उनके अंदर वो इमोशन्स की गहराई और विंटेज चार्म है, जो इस किरदार को खास बनाएगा. फैंस भी इस खबर से काफी खुश हैं। फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया, 'महीनों से इस प्रोजेक्ट को लेकर बातचीत चल रही थी। अब जाकर सब कुछ तय हो गया है।

## हॉलीवुड मसाला



# 350 ऑडिशन के बाद मिली थी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश ब्रोलिन अपने दमदार अभिनय के लिए लोकप्रिय हैं। उन्होंने 'एवेंजर्सः एंडगेम', 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' और 'ड्यूनः पार्ट टू' जैसी फिल्मों में काम किया है। जोश का कहना है कि स्टारडम के शिखर तक पहुंचने का उनका सफर बिल्कुल भी आसान नहीं था। ऑस्कर-नॉमिनेटेड एक्टर का कहना है कि डेब्यू फिल्म झोली में आने से पहले उन्होंने 350 ऑडिशन दिए थे। जोश ब्रोलिन ने साल 1985 की कल्ट क्लासिक फिल्म 'द गूनीज' से डेब्यू किया था। इससे पहले उन्हें करीब 350 ऑडिशन से गुजरना पड़ा। दिलचस्प बात यह है कि जोश के पिता जेम्स ब्रोलिन इंडस्ट्री के नामी अभिनेता, निर्देशक और निर्माता हैं।




# वेक्ना और इलेवन के बीच होगी आखिरी लड़ाई

**लॉस एंजिल्स।** सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स 5' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस सीरीज का फैंस को लंबे समय से इंतजार था। इस बार सीरीज में एक्शन, ड्रामा और डर का ट्रिपल डोज मिलने वाला है। ट्रेलर के साथ ही सीरीज की रिलीज डेट भी शेयर की गई है। ट्रेलर की शुरुआत पिछले सीजन की घटनाओं के बाद हॉकिन्स के क्वारंटाइन होने के बाद से होती है। साथ ही इलेवन भी खुद को बचाने की कोशिश कर रही है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, सभी लोग खूंखार वेक्ना के खिलाफ एकजुट हो जाते हैं। लेकिन, वेक्ना इस बार दोगुनी ताकत के साथ सामने है। ट्रेलर में आगे नैन्सी, जॉयस, माइक, डस्टिन और लुकास के किरदार नजर आते हैं। सीरीज के ट्रेलर में काफी एक्शन सीन्स हैं। सीरीज में नैन्सी का किरदार कहता है, 'वह (वेक्ना) हमारी दुनिया को खत्म करने की प्लानिंग में है।



# डीसी के टीजर में दिखा जुनूनी आशिक


**मुंबई।** रजनीकांत की फिल्म 'कुली' के निर्देशक लोकेश कनगराज अब एक्टर बन चुके हैं। उनकी अपकमिंग फिल्म 'डीसी' का टाइटल टीजर रिलीज हो चुका है। इसमें वामिका गब्बी उनके साथ नजर आ रही हैं। डायरेक्टर के तौर पर लोकेश कनगराज ने साउथ सिनेमा में कई हिट फिल्में बनाई हैं। कैथी, विक्रम और कुली जैसी फिल्मों में उन्होंने कार्थी, कमल हासन और रजनीकांत जैसे एक्टर के साथ काम किया। अब लोकेश एक्टिंग की दुनिया में एंट्री ले चुके हैं। अपकमिंग फिल्म डीसी का टाइटल टीजर सामने आया। इसमें लोकेश का अलग ही अंदाज दिखा। फिल्म डीसी के टाइटल टीजर में लोकेश की एंट्री दमदार तरीके से होती है, उनका किरदार खून से लथपथ नजर आता है। लोकेश ने एक्सप्रेशन भी इंटेंस दिए हैं। आगे टीजर में वामिका गब्बी दिखाई देती हैं।



# जटाधरा का नया गाना शिव स्त्रोतम रिलीज

**मुंबई।** एक्टर सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा की मचअवेटेड फिल्म जटाधरा का नया गाना 'शिव स्त्रोतम' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 'शिव स्त्रोतम' में सुधीर बाबू का लुक काफी जबरदस्त है। उन्हें देखकर लगता है कि स्वयं भगवान अवतरित हो गए हों। फिल्म के गाने 'शिव स्त्रोतम' जबरदस्त के ग्राफिक्स को बहुत ही बेहतरीन तरह से पेश किया है। मेकर्स ने इस गाने को रिलीज करते हुए इंस्टाग्राम पर कैप्शन में लिखा, 'वह समय है। वह सत्य है। वह तूफान भी है और शांति भी यही है। शिवस्तोत्रम 'जटाधरा' से.' 'शिव स्त्रोतम' को आधुनिक बीट्स से मिलाकर नए अंदाज में पेश किया गया है, जिससे आज के युवा को कुछ नया देखने को मिले. 'शिव स्त्रोतम' सभी म्यूजिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। फैंस को गाना काफी पसंद आ रहा है।

## टीवी मसाला



# लाफ्टर शेफ्स 3 में इन सात जोड़ियों ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** भारतीय टेलीविजन पर जबरदस्त हिट रहा कॉमेडी-कुकिंग रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' अपने तीसरे सीजन के साथ वापसी के लिए पूरी तरह तैयार है। अपनी मजेदार किचन कुकिंग और मस्ती भरे सेलिब्रिटी मोमेंट्स के लिए मशहूर इस शो की मेजबानी हमेशा की तरह भारती सिंह करेंगी और जज शेफ हरपाल सिंह सोखी हैं। इसका नया प्रोमो आ चुका है और इसमें कंटेस्टेंट्स के साथ रिलीज डेट भी कंफर्म हो गई है। फैंस को हंसाने और और गुदगुदाने वाले दो सफल सीजन के बाद, 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' को लेकर उत्साह पहले से कहीं ज्यादा बढ़ गया है। अपने दूसरे बच्चे के साथ प्रेग्नेंट होने के बावजूद भारती अपनी खास एनर्जी लेकर वापस आ गई हैं। शो का प्रोमो आते ही दिख गया कि इसमें कौन से कंटेस्टेंट्स होंगे। सबसे पहले तो कृष्णा अभिषेक और अली गोनी हवा में लटके हुए दिखते हैं। फिर एल्विश और करण की एंट्री होती है। समर्थ और अभिषेक भी इस सीजन में लौट चुके हैं। फिर जन्नत जुबैर आती हैं। इसके बाद विवियन डीसेना और गुरमीत चौधरी की डांस करते हुए एंट्री होती है। वहीं, तीन लड़कियां तेजस्वी, ईशा सिंह और ईशा मालवीय आती हैं। अंत में देबिना की भी झलक दिखाई देती है। फिर कश्मीरा शाह हरपाल सिंह के साथ बाइक पर बैठकर आती हैं। यह शो 'पति पत्नी और पंगा' की जगह लेगा और 22 नवंबर, 2025 को प्रीमियर होगा, जो हर वीकेंड रात 9 से 9:30 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा। इसके एपिसोड जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम किए जाएंगे। तमिल हिट 'कुकू विद कोमाली' से प्रेरित यह शो खाना पकाने की चुनौतियों के साथ ह्यूमर के लिए जाना जाता है।

# पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में दिखे जिमी और सिद्धार्थ

**नई दिल्ली।** जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ की अदाकारी वाली सीरीज 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी कर दिया गया है। 2 नवंबर को सेखों भारतीय वायुसेना मैराथन उद्घाटन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म का पहला लुक जारी किया है। नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'ऑपरेशन सफेद सागर' का पहला लुक जारी किया है। वीडियो जारी करते हुए पोस्ट में लिखा 'इतिहास में दुनिया का सबसे बड़ा हवाई ऑपरेशन। सबसे बड़ा सम्मान। नेटफ्लिक्स पर जल्द आ रही है ऑपरेशन सफेद सागर सीरीज।' 'ऑपरेशन सफेद सागर' के पहले लुक में दिखाया गया है कि जिमी शेरगिल और सिद्धार्थ के साथ कई दूसरे एक्टर्स पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन मोड में हैं। वह पाकिस्तान के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हैं।



# किंग का टाइटल रिवील

## शाहरुख का फर्स्ट लुक है खतरनाक

**मुंबई।** शाहरुख खान के जन्मदिन पर फैंस को एक बड़ा सरप्राइज मिला है। दरअसल, उनके बर्थडे पर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनकी मच अवेटेड फिल्म 'किंग' का टाइटल रिवील वीडियो जारी किया। इस टीजर वीडियो में एसआरके का लुक दिखाया गया है और रिलीज डेट के बारे में भी हिंट दिया है। बता दें सिद्धार्थ आनंद और शाहरुख खान पहले 'पठान' जैसी ब्लॉकबस्टर में साथ काम कर चुके हैं। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स पिक्चर्स के बैनर तले बनी फिल्म 'किंग' साल 2026 में रिलीज़ होगी। यह फिल्म दर्शकों को शाहरुख खान का ऐसा रूप दिखाने वाली है जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। एक बार फिर रोमांस के बादशाह फुल एक्शन मोड में दिखेंगे, जैसा कि मेकर्स ने किंग टाइटल रिवील में साबित कर दिया है। यह फिल्म एक स्टाइलिश और जबरदस्त एक्शन एंटरटेनर है, जो स्टाइल, करिश्मा और थ्रिल को नए तरीके से पेश करेगी। सिद्धार्थ आनंद की यह अब तक की सबसे बड़ी और मसालेदार फिल्म मानी जा रही है, जो उनके एक्शन स्टोरीटेलिंग को एक नए




लेवल पर ले जाएगी। किंग का टाइटल रिवील शाहरुख खान के बर्थडे पर रिलीज किया गया, जहां हम देखते हैं उस इंसान को जिसे सब किंग खान कहते हैं, अब वो उसी नाम के रोल में दिख रहे हैं और वो भी दमदार और जोश से भरे हुए अंदाज़ में।

# बॉलीवुड के 'बैड बॉयज' का रियूनियन

## एक साथ आए सभी खूंखार खलनायक

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में खलनायकों का भी एक दौर था, जिनकी झलक से भी दर्शकों की सांसें थम जाती थीं। इन्ही में रंजीत, रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी शामिल थे। भले ही ये अब सिल्वर स्क्रीन पर कम नजर आते हैं, लेकिन एक समय था, जब सिल्वर स्क्रीन पर इनका खूब बोल-बाला था। फिल्मों में इन खलनायकों का हीरो से भी ज्यादा दबदबा था। इसी बीच दर्शकों को पुराने दौर के विलेन की याद दिलाने के लिए अभिनेता रजा मुराद ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें पोस्ट कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीर पोस्ट की, उसमें रजा मुराद के साथ किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर भी नजर आ रहे है। अभिनेता ने पोस्ट कर मजाकिया अंदाज में कैप्शन लिखा, 'भारत के चार सबसे शरीफ, सीधे-सादे मासूम भोले-भाले महापुरुष।'



### पर्दे पर था विलेन्स का दबदबा

बता दें कि हिंदी सिनेमा में एक खलनायकी का दौर था, जब कुछ चुनिंदा चेहरे विलेन का दमदार रोल निभाते थे। इन्हीं में से थे रजा मुराद, किरण कुमार और गुलशन ग्रोवर। इन्होंने खलनायक बनकर काफी नाम कमाया। जहां रंजीत खतरनाक विलेन के तौर पर जाने जाते थे, तो रजा मुराद की दमदार आवाज ही दर्शकों को चुप करा देती थी। ऐसे ही किरण कुमार की उपस्थिति ही काफी होती थी और गुलशन ग्रोवर एक 'बैड मैन' थे, जिन्होंने विलेन के किरदार इतनी शिद्दत से निभाए कि अपनी खलनायक की छवि को नहीं तोड़ पाए। उनकी 'बैडमैन' इमेज अपने आप में एक ब्रांड भी बन गई। हालांकि, चारों को एक साथ किसी भी फिल्म में साथ में नहीं देखा गया है, लेकिन रजा, गुलशन और रंजीत साल 1997 की एक्शन फिल्म 'शपथ' में साथ नजर आ चुके है। फिल्म का निर्देशन राजीव बब्बर ने किया था, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती, जैकी श्रॉफ, रम्या कृष्णा और शक्ति कपूर मुख्य भूमिका में थे। 12 दिसंबर 1997 को रिलीज हुई 'शपथ' बॉक्स ऑफिस पर सेमी-हिट साबित हुई। इसमें खलनायकों ने शानदार काम किया था।

## ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी

# 1 फिल्म में समाए 72 गाने, 93 साल बाद भी कोई नहीं तोड़ पाया रिकॉर्ड

*__नई दिल्ली।__ इंडियन फिल्मों में गानों का खूब क्रेज रहता है। आज से नहीं, बल्कि दशकों पहले से ऐसा होता आ रहा है। मुगल-ए-आजम को ही ले लीजिए। इसके गीत जब प्यार किया तो डरना क्या को उस जमाने में लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया था। वो दौर, जब चंद लाख में फिल्में बन जाया करती थी। ठीक आज भी करण जौहर से लेकर यश चोपड़ा के बैनर तले बनने वाली फिल्मों को ही देख लीजिए। ये एक एक गानों को एक उत्सव की तरह सेलिब्रेट करते हैं। दुनिया की सबसे खूबसूरत वादियों पर गानों को शूट करते हैं। लाखों-करोड़ों रुपये बहाते हैं और बेस्ट ट्रैक तैयार करते मगर क्या आप जानते हैं उस फिल्म के बारे में जिसमें सबसे ज्यादा गाने थे। अगर आपके जहन में हम आपके हैं कौन, रॉकस्टार, डीडीएलजे, ताल, मोहब्बतें जैसी किसी फिल्म का नाम आ रहा है तो ठहर जाइए. क्योंकि जिस फिल्म के नाम सबसे ज्यादा गाने का रिकॉर्ड है वो आई थी साल 1932 में. जिसमें 72 गाने थे।*

### जहानारा और मास्टर निसार ने लीड रोल किए थे प्ले

इस फिल्म को जेएफ मदन ने बनाया और जहानारा कज्जन और मास्टर निसार ने लीड रोल प्ले किए थे। जहानारा का जन्म मशहूर तवायफ सुग्गन बेगम के घर हुआ। जो बेहतरीन सिंगर थीं और इंद्रसभा फिल्म से छा गई थीं। इस फिल्म का नाम है 'इंद्र सभा'। साल 1932 में आई फिल्म 'इंद्र सभा' में शुरुआत में 72 गाने थे। जबकि कुछ रिपोर्ट्स का दावा है 69 तो कुछ का कहना है 71 गाने। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने 'इंद्र सभा' फिल्म का नाम सबसे ज्यादा गाने वाली फिल्म के रूप में दर्ज किया। ये देश की पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' के ठीक एक साल बाद रिलीज हुई थी।




### पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था 'इंद्र सभा'

इंद्र सभा प्ले की बात करें तो ये एक उर्दू प्ले था। जो पहली बार 1853 में स्टेज पर परफॉर्म किया गया था। इसे पहला कंप्लीट उर्दू मंच नाटक माना जाता है। जिसे जर्मन में भी ट्रांसलेट किया गया था। अगर बीते कुछ सालों की फिल्मों के गानों की बात करें तो सूरज बड़जात्या की म्यूजिकल फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में 14 गाने तो सुभाष घई की 'ताल' में 12 गाने थे। वहीं, आज के जमाने की रॉकस्टार में 14 गाने थे। इस हिसाब से आज तक कोई इस फिल्म का 93 साल बाद भी रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाया है।

### मणिलाल ने किया था डायरेक्ट

'इंद्र सभा' को मणिलाल जोशी ने डायरेक्ट किया था। उस जमाने की ये एक विशाल फिल्म थी जिसकी समय अवधि 211 मिनट थी। फिल्म की लंबाई की वजह थी इसके अंदर के गान। ये फिल्म आगा हसन अमानत के नाटक पर आधारित थी, जिसमें केरेक्टर का इंट्रोडक्शन भी म्यूजिकल अंदाज में दिया गया था। जैसे पहले नाटक में हुआ करता था। द कैम्ब्रिज गाइड टू एशियन थिएटर में, जेम्स आर ब्रैंडन ने कहा गया कि प्ले में 31 गजल, 9 ठुमरी, 4 होली, 15 गाने, दो चौबोले और पांच छंद शामिल थे। लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी बताया गया है कि फिल्म में हर केरेक्टर के लिए 1 स्पेशल गाना था।

## प्रदूषित हवा के चलते बीमारियों की चपेट में आने लगे लोग

# वायु प्रदूषण से आंखों में जलन सांस लेने में हो रही परेशानी

**प्रदूषित हवा में कार्बन मोनो ऑक्साइड जैसी जहरीली गैस मौजूद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

प्रदूषित हवा के चलते लोग बीमारियों की चपेट में आने लगे है। वायु प्रदूषण के कारण जहां लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है, वहीं आंखों में जलन और जुकाम, खांसी से पीड़ति लोगों की संख्या में भी निरंतर इजाफा हो रहा है। जितने लोग उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंच रहे है, उससे ज्यादा लोग कैमिस्ट की दुकानों और निजी क्लीनिक पर अपना उपचार करवा रहे है।

विशेषज्ञों का कहना है कि प्रदूषित हवा में कार्बन मोनो ऑक्साइड जैसी जहरीली गैस मौजूद है। जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसके अलावा सुबह और सांय के समय ठंड और दिन के समय तेज धूप के कारण भी लोग बीमार पड़ रहे है। उधर, प्रशासनिक स्तर पर सड़कों पर धूल मिट्टी न उड़े इसके लिए पानी का छिड़काव भी करवाया जा रहा है।



झज्जर। शहरी क्षेत्र में पानी का छिड़काव करते हुए वाहन। फोटो : हरिभूमि

**बुजुर्ग और बच्चे आ रहे ज्यादा चपेट में**

सुबह और सांय के समय सर्दी और दोपहर के समय गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग ठंड की चपेट में आ रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि इन दिनों बच्चे निमोनिया की चपेट में आ रहे है। ऐसे में बच्चों को जहां सांस लेने में दिक्कत हो रही है, वहीं खाना पीना भी बंद कर देते है। जिसके कारण उपचार के साथ साथ परहेज भी बहुत जरूरी है।

**इन बातों का रखें ध्यान**

वरिष्ठ चिकित्सक मोनिल कादियान ने बताया कि वायु प्रदूषण और मौसम में बदलाव के कारण लोग बीमार पड़ रहे है। अगर कुछ सावधानियां बरती जाए तो बीमार होने से बचा जा सकता है।

- सुबह शाम प्रदूषण और ठंड से बचने के लिए सैर करने से परहेज करें।
- सुबह व सांय जब निकले गर्म वस्त्र पहनकर निकले।
- जहां तक संभव हो सके गुनगुने पानी का सेवन करें।
- ठंडी चीजों और तली हुई चीजों का परहेज करें व खाने में संतुलित आहार का सेवर करें।

**निमोनिया के लक्षण**

*उल्टी आना, पेट में दर्द होना, खांसी के साथ बलगम आना और सांस लेने में परेशानी होना, तेज सांस लेना, कफ की आवाज आना व ठंड के साथ बुखार आना।*



बहादुरगढ़। मेट्रो के जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद विभिन्न देशों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

# दिल्ली मेट्रो का साइबर सुरक्षा माह अभियान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली मेट्रो रेल निगम ने अक्टूबर माह को साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया। इसके तहत महीने भर कर्मचारियों को ऑनलाइन सतर्कता और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े सर्वोत्तम उपायों को अपनाने के प्रति प्रेरित किया गया।

अभियान के दौरान डीएमआरसी ने अनेक कार्यक्रम आयोजित किए। वैश्विक शहरों की सफलता की कहानियां.. विषय पर भारत नगरीय रेल सम्मेलन में भारत सहित कनाडा, स्पेन, पुर्तगाल और ऑस्ट्रिया के विशेषज्ञों ने भाग लिया तथा शहरी रेल व्यवस्था में साइबर सुरक्षा से जुड़ी नवाचारपूर्ण पहलों पर चर्चा की। इसके अतिरिक्त, मुख्य सूचना सुरक्षा अधिकारियों की गोलमेज बैठक आयोजित की गई, जिसमें सरकारी व निजी क्षेत्र के अधिकारियों ने साइबर सुरक्षा से संबंधित अनुभव साझा किए। पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा संयोजक डॉ. गुलशन राय तथा भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल के महानिदेशक डॉ. संजय बहल ने भी अपने विचार रखे। अभियान का समापन राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक कर्नल निधिश भटनागर के व्याख्यान से हुआ। उन्होंने ऑनलाइन व्यवहार में सतर्कता और डिजिटल सुरक्षा के मूलभूत सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। माह के दौरान साइबर सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025 का आयोजन भी हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने कहा कि डीएमआसी अपने पूरे तंत्र में साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ करने और कर्मचारियों में डिजिटल जागरूकता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



बहादुरगढ़। यात्रा का निमंत्रण देते नवीन जून व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**पैदल यात्रा के लिए दिया निमंत्रण**

**बहादुरगढ़।** बागेश्वर सरकार की पैदल यात्रा के निमंत्रण के लिए भाजपा नेता नवीन जून ने बहादुरगढ़ में रविवार को आमंत्रण यात्रा निकाली। उन्होंने बताया कि बागेश्वर धाम के महाराज धीरेंद्र शास्त्री 7 नवंबर से 16 नवंबर तक दिल्ली से वृंदावन धाम तक भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने के संकल्प को लेकर पैदल यात्रा निकाल रहे हैं। रविवार को उनके शिष्य नवीन जून ने बहादुरगढ़ में पीले चावल बांटकर यात्रा का आमंत्रण दिया। नवीन जून ने बताया कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने के लिए यात्रा निकाल रहे हैं। यात्रा 7 नवंबर को दिल्ली कात्यायनी माता मंदिर से आरंभ होकर 16 नवंबर को वृंदावन में संपन्न होगी। उन्होंने आग्रह किया कि इस यात्रा में हर घर से एक हिंदू जरूर भाग ले।



बहादुरगढ़। सुरेश खत्री को नियुक्ति पत्र सौंपते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**सुरेश बने संगठन के जिलाध्यक्ष**

**बहादुरगढ़।** गांव कुलासी के निवासी सुरेश खत्री को राष्ट्रीय जाट महासभा (भारत) का झज्जर जिलाध्यक्ष बनाया गया है। ग्रामीणों और संगठन के सदस्यों ने सुरेश फौजी खत्री को बधाई दी है। सुरेश के मुताबिक, रोहतक में महासभा की बैठक हुई थी। बैठक में तमाम पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। इस दौरान उन्हें युवा प्रदेश अध्यक्ष मोहित मलिक सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने झज्जर जिलाध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया। बकौल सुरेश, समाज व संगठन की मजबूती के लिए वह हर संभव प्रयास करेंगे। समाज के युवाओं की आवाज उठाएंगे।

# समस्याओं को लेकर इनेलो कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



■ खेतों में जलभराव, फसलों की खरीद में धांधली व मुआवजा न मिलने के विरोध में किया जाएगा प्रदर्शन

इंडियन नेशनल लोकदल ने किसानों की समस्याओं को लेकर बड़ा आंदोलन छेड़ने की घोषणा की है। पार्टी के जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने बताया कि खेतों में जलभराव, फसलों की खरीद में धांधली और मुआवजा न मिलने के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को प्रदर्शन मार्च निकाला जाएगा। इनेलो कार्यकर्ता और किसान सुबह पार्टी कार्यालय में एकत्रित होंगे इसके बाद वे विरोध प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय तक पहुंचेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शन मार्च के बाद डीसी को समस्याओं का समाधान करने के संदर्भ में ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष सतपाल पहलवान ने कहा कि मंडियों में धान की खरीद के दौरान नमी बताकर किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से वंचित किया जा रहा है। साथ ही सरकार ने इस बार बाजरे की सरकारी खरीद नहीं की, जिससे किसानों को निजी व्यापारियों को औने-पौने दामों पर फसल बेचनी पड़ी है।

भावांतर योजना को किसानों को भ्रमित करने वाली योजना बताते हुए उन्होंने कहा कि अब तक किसी किसान के खाते में इसका भुगतान नहीं हुआ। सरकार की नीतियों से किसान त्रस्त है। इनेलो किसानों की आवाज बनकर सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से सरकार से किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी। उनकी प्रमुख मांगों में खेतों में हुए जलभराव की तुरंत निकासी, सर्वे के आधार पर फसल के नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाना, धान की खरीद एमएसपी पर सुनिश्चित की जाए, नमी के नाम पर कटौती बंद हो तथा भावांतर योजना के अंतर्गत लंबित भुगतान तत्काल किसानों के खातों में भेजे जाने की मांग शामिल है।



बहादुरगढ़। कैंप के दौरान योगाभ्यास करतीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**छात्राओं ने किया योगाभ्यास**

**बहादुरगढ़।** गांव जसोरखेड़ी स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप के तीसरे दिन योगा सहित अन्य गतिविधियां हुई। स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ इनमें भाग लिया। योग, प्राणायाम, अनुलोम विलोम, कपालभाति आदि क्रियाएं की। छात्राओं को योग अभ्यास का महत्व और लाभ समझाया गया। एनएसएस इंचार्ज श्वेता दलाल व अनिल कुमार की देखरेख में प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने नशा मुक्ति जागरूकता विषय पर पोस्टर, स्लोगन आदि बनाकर समाज में जागरूकता का संदेश दिया।

# मरम्मत कार्य जल्द पूरा होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लाइनपार को शहरी क्षेत्र से जोड़ने वाले अंडर पास की मरम्मत का कार्य पुनः चालू हो गया है। आगामी चंद दिनों में यह काम पूरा होने की उम्मीद है। जिसके बाद अंडपास को आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। जिससे हजारों लोगों को आने जाने में सहुलियत होगी।

दरअसल, करीब चार साल पहले 40 करोड़ की लागत से यह अंडरपास बना था। निर्माण के समय से ही यह विवादों में था। इसके डिजाइन, बनावट व गुणवत्ता पर सवाल उठते रहे। कुछ ही समय में यह बदहाल हो गया। बारिश के दिनों जलभराव के कारण तो इसे बंद करना पड़ जाता था। हाल-फिलहाल में इसकी सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त थी। लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही थी। भाकियू के प्रदेश प्रवक्ता प्रवीण दलाल ने कहा कि इस संबंध में लगातार शिकायतें की जा रही थी, जिसके बाद रेलवे जागा। सितंबर माह के अंत में यहां मरम्मत कार्य शुरू हुआ लेकिन बीच में त्योहार व अन्य कारणों के चलते काम बंद हो गया। अब लेबर आने के बाद दो दिन से पुनः मरम्मत कार्य चालू हो गया है। अधिकारियों का कहना है कि दो-तीन दिन में काम पूरा हो जाएगा। जिसके के बाद इसे आमजन के लिए खोल दिया जाएगा।



बहादुरगढ़। अंडरपास में की जा रही सड़क की मरम्मत।

# बीआरजी के धावकों ने जीते कई पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम में हुई दौड़ में बहादुरगढ़ रनर्स ग्रुप के धावकों ने कई पदक जीते। बीआरजी संस्थापक दीपक छिल्लर ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनका उद्देश्य हर आयु वर्ग के लोगों में स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना जगाना है। सभी विजेता धावकों को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

धर्मवीर सैनी ने 1600 मीटर दौड़ में प्रथम, 100 गुणा 100 मीटर रिले में प्रथम तथा 50-55 वर्ष आयु वर्ग की 100 मीटर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। राजेश कुमार ने 1600 मीटर में दूसरा और 50-55 वर्ष आयु वर्ग की 100 गुणा 100 मीटर रिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लखन सिंह ने 100 मीटर में पहला और रिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रवीण जैन ने 100 मीटर तथा रिले दौड़ में पहला स्थान पाया। धर्मवीर सैन ने 1600 मीटर में दूसरा तथा 100 मीटर में तीसरा स्थान पाया। अपने-अपने आयुवर्ग में 1600 मीटर में संदीप ने पहला, रणबीर सांगवान ने पहला, ब्रह्मप्रकाश ने दूसरा, गजेंद्र सिंह ने पहला, आरके मोर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



बहादुरगढ़। प्रतियोगिता में विजेता रहे बीआरजी के धावक। फोटो : हरिभूमि

# दहिया के बलिदान दिवस समारोह का दिया न्योता

**बहादुरगढ़।** अमर बलिदानी कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर 14 नवंबर को राई एजुकेशन सिटी में राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह की तैयारियों के तहत आयोजन समिति के सदस्यों ने बहादुरगढ़ पहुंचकर पंडित लख्मीचंद धर्मशाला में लोगों को आमंत्रित किया। पुनीत शर्मा, एडवोकेट संजीव, सेवानिवृत्त एसीपी धर्मवीर लोहचब ने पूर्व विधायक नरेश कौशिक, प्रधान प्रवीण शर्मा, वाइस चेयरमैन पालेराम शर्मा, पार्षद राजेश मकड़ौली, अनिल सिंगल, कर्मवीर शर्मा, कृष्ण चंद्र, श्रीनिवास कौशिक, उमेश सहगल आदि को बताया कि राज्यस्तरीय समारोह को लेकर प्रदेशभर में निमंत्रण यात्रा निकाली गई है।

यात्रा हर शहर, गांव में जाकर लोगों को समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रही है। पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने कहा कि दहिया के राज्य स्तरीय जयंती समारोह में बहादुरगढ़ से काफी तादाद में लोग हिस्सा लेते हुए उन्हें नमन करेंगे।



बहादुरगढ़। धर्मशाला में नरेश कौशिक आदि को निमंत्रण देते आयोजन समिति के सदस्य।



बहादुरगढ़। रविवार को ध्वजा यात्रा में शामिल श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



**हरिभूमि**
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## जुगाड़ू मशीन इलेक्ट्रोनिक्स उत्पादों के मुकाबले सस्ती

# पानी गर्म करने की बढ़ने लगी देशी मशीनों की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सर्दी के मौसम में बढ़ती गर्म पानी की जरुरत के चलते जहां इलेक्ट्रोनिक्स व गैस गीजर की बिक्री हो रही है वहीं पानी गर्म करने की देशी जुगाड़ मशीन की बिक्री भी जोर पकड़ने लगी है। पानी गर्म करने के लिए बनाई गई यह जुगाड़ू मशीन जहां इलेक्ट्रोनिक्स उत्पादों के मुकाबले सस्ती है वहीं इसमें घर के कूड़े में पड़ी रहने वाली ज्वलनशील वस्तुओं का इस्तेमाल भी बखूबी किया जा सकता है। आग जलाने के बाद मशीन से निकलने वाला धुआं हालांकि वायु प्रदूषण को बढ़ावा देता है लेकिन कूड़े-कर्कट का सदुपयोग किए जाने के कारण ये मशीनें स्वच्छता में सहायक का कार्य करती हैं। इसमें ऊपलों व लकड़ी के अलावा रद्दी कागज, रूई, कपड़े के टुकड़े, पॉलीथिन, बिस्कुट के रैपर यहां तक की मूंगफली के छिलकों के उपयोग से भी पानी गर्म किया जा सकता है। खास बात यह है कि आग मशीन के भीतरी हिस्से में जलती है जिससे कम वायु प्रदूषण होता है। शहर में जगह-जगह आजकल 950 रुपए से लेकर 1800 रुपए तक की कीमत की गर्म पानी करने की लोकल मशीन दुकानों पर सजी दिखाई देती हैं।



झज्जर। पानी गर्म करने की देशी मशीन।

**ऐसे होता है शीघ्र पानी गर्म**

पानी गर्म करने की देशी तकनीक वाली इन टंकियों में लोहे की चद्दर की दो परतें हैं। पहली अंदर वाली परत बाहरी परत के मुकाबले अधिक पतली है। इन दोनों परतों की बीच में पानी एकत्रित होने का स्थान बना है। दोनों परतों के बाद टंकी में बीच का हिस्सा खाली छोड़ा गया हैं जिसमें आग जलाई जाती है। जब आग जलती है तो अंदर वाली परत शीघ्र गर्म हो जाती है जिस कारण पानी शीघ्र गर्म हो जाता है।

**ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक डिमांड**

ऐसी टंकियों की डिमांड शहर के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक है। गांव में रहने वाला अधिकांश तबका जहां गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार से संबंध रखता है। बिजली व गैस उपकरणों से सस्ती होने के कारण वे ऐसी मशीनें खरीद रहे हैं। इसके अलावा ऊपलों व इंधन रखने के लिए पर्याप्त स्थान भी रहता है।

## शहर में निकाली गई श्याम बाबा की ध्वजा यात्रा

**बहादुरगढ़।** श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को शहर में भव्य ध्वजा व शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। सुबह लड़कियों के सरकारी स्कूल के पास स्थित परशुराम मंदिर से यात्रा का शुभारंभ हुआ। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के साथ यात्रा जैसे ही निकली, वातावरण भक्तिमय हो उठा। यात्रा मांडोठी बाजार सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए नजफगढ़ रोड स्थित बालाजी मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालु हाथों में ध्वजाएं लिए श्याम बाबा की जय के जयकारे लगाते नजर आए। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में उत्साह देखने को मिला। शाम के समय बालाजी मंदिर परिसर में भजन संध्या और कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें बाबा श्याम की महिमा का गुणगान किया। सेवादारों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी शोभायात्रा का आयोजन शांति, सौहार्द और भक्ति के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।